

# 12 वर्ष निर्भीक पत्रकारिता के

## अब 13 वें वर्ष की ओर

पाठकों/दर्शकों का असीम स्नेह



RNI No. CHHHIN/2011/38292

भारत सम्मान NEWS

हो जाओ सावधान...

Bharatsamman.com | Bharat samman | Bharat Samman

वर्ष-13 अंक-167 | अम्बिकापुर, बुधवार, 13 दिसम्बर 2023 | कुल पृष्ठ-4 मूल्य-1.00 रू.


# विष्णुदेव साय आज लेंगे छत्तीसगढ़ के सीएम पद की शपथ, 6 राज्यों के मुख्यमंत्री होंगे शामिल

## साइंस कालेज मैदान में दोपहर दो बजे शपथ ग्रहण

## शाह, नड्डा समेत कई राज्यों के मुख्यमंत्री भी रहेंगे उपस्थित

## दो उप मुख्यमंत्री व 10 मंत्री भी ले सकते हैं शपथ



छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री के चेहरे से पर्दा हटने के बाद अब मंत्रिमंडल के गठन का बेसब्री से इंतजार किया जा रहा है। प्रदेश में भाजपा ने आदिवासी चेहरे विष्णुदेव साय को मुख्यमंत्री के रूप में चयनित किया है। आज राजधानी रायपुर के साइंस कालेज मैदान में दोपहर दो बजे शपथ ग्रहण समारोह है, जिसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मुख्य अतिथि होंगे। शपथ ग्रहण में मुख्यमंत्री के साथ दो उप मुख्यमंत्री व 10 मंत्री भी शपथ ले सकते हैं। शपथ ग्रहण समारोह में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, केंद्रीय मंत्री डा. मनसुख मांडविया, छत्तीसगढ़ प्रदेश प्रभारी ओम माथुर, सह प्रभारी नितिन नबीन समेत दूसरे राज्यों के कुछ मुख्यमंत्री भी शामिल होंगे।

### सीएम साय ने फोन कर पूर्व सीएम, डिप्टी सीएम को दिया आंमत्रण

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, पूर्व उप मुख्यमंत्री टी.एस. सिंहदेव और छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज को फोन कर शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने का आमंत्रण दिया। इसके साथ ही राज्य शासन द्वारा सभी राजनीतिक पदाधिकारियों, विशिष्टजनों को आमंत्रित किया जा रहा है।



### शपथ से पहले साय ने की नवग्रह पूजा

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय पुरेना स्थित अपने निवास स्थान में नवग्रह पूजा कर रहे हैं। उनके साथ उनकी धर्मपत्नी कौशल्या देवी और उनके परिवार जन उपस्थित है। साथ ही जगन्नाथ मंदिर में भगवान जगन्नाथ, माता सुभद्रा एवं बलराम जी की विधि-विधान से पूजा अर्चना कर प्रदेश की सुख समृद्धि की कामना की। इस दौरान रायपुर उत्तर के विधायक पुरंदर मिश्रा भी उपस्थित रहे।



### भाजपा नेताओं ने लिया तैयारियों का जायजा

राजधानी के साइंस कालेज मैदान में नए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के शपथ ग्रहण समारोह की तैयारियां चल रही है।मंगलवार देर शाम भाजपा प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव, प्रभारी ओम माथुर, सह प्रभारी नितिन नबीन, बृजमोहन अग्रवाल, विजय शर्मा, राजेश मूणत, भूपेंद्र सवन्नी, संजय श्रीवास्तव सहित अन्य नेताओं ने साइंस कालेज मैदान पहुंचकर तैयारियों का जायजा लिया। इस दौरान भाजपा नेताओं ने अधिकारियों को कई निर्देश भी दिए।



### तीन घंटा 15 मिनट रुकेंगे प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शपथ ग्रहण समारोह के दौरान अपने निर्धारित शेड्यूल के मुताबिक कुल तीन घंटे 15 मिनट रुकेंगे। बुधवार को विशेष विमान से वे दोपहर 2.10 बजे माना एयरपोर्ट पहुंचेंगे। शाम 5.25 बजे से माना एयरपोर्ट से प्रस्थान करेंगे। समारोह के लिए 14 अन्य विशिष्ट अतिथि विशेष विमान से छत्तीसगढ़ पहुंचेंगे।

### 2:10 बजे रायपुर पहुंचेंगे पीएम मोदी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शपथ ग्रहण समारोह के दौरान अपने निर्धारित शेड्यूल के मुताबिक कुल तीन घंटे 15 मिनट रुकेंगे। बुधवार को विशेष विमान से वे दोपहर 2.10 बजे माना एयरपोर्ट पहुंचेंगे। शाम 5.25 बजे से माना एयरपोर्ट से प्रस्थान करेंगे। समारोह के लिए 14 अन्य विशिष्ट अतिथि विशेष विमान से छत्तीसगढ़ पहुंचेंगे।

### शपथ ग्रहण से पहले पुलिस ने होटलों को खंगाला

साइंस कालेज मैदान में होने जा रहे शपथ ग्रहण समारोह को ध्यान में रखकर रायपुर पुलिस अलर्ट है। एसएसपी प्रशांत अग्रवाल के निर्देश पर सोमवार को सभी राजपत्रित अधिकारियों, थाना प्रभारियों के साथ यातायात व पुलिस बल ने मिलकर शहर के होटल, लाज, ढाबों की जांच की। इस दौरान वहां रुकने वाले लोगों की तस्दीक भी की गई।

### मुख्यमंत्री ने जूदेव के स्वजनों से की मुलाकात

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने मंगलवार को राजधानी के धरमपुरा स्थित जूदेव परिवार के निवास पहुंचकर पूर्व केंद्रीय मंत्री स्व. दिलीप सिंह जूदेव के परिजनों से मुलाकात की। इस मौके पर उन्होंने स्व. जूदेव की धर्मपत्नी माधवी देवी से सौजन्य मुलाकात कर उनका आशीर्वाद ग्रहण किया। माधवी देवी ने मुख्यमंत्री का मुंह मीठा कराकर उन्हें आशीर्वाद प्रदान किया। इस अवसर पर प्रबल प्रताप सिंह जूदेव सहित परिवार के सदस्य उपस्थित थे।



### साव ने कहा- ऐतिहासिक होगा शपथग्रहण समारोह

छत्तीसगढ़ भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष व लोरमी विधायक अरुण साव ने कहा, भाजपा को वोट प्रतिशत और सीटों के हिसाब से ऐतिहासिक जीत मिली है। कल का शपथ ग्रहण समारोह भी ऐतिहासिक होने वाला है। रायपुर के साइंस कॉलेज मैदान में 2 बजे शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया जाएगा। देश के पीएम नरेंद्र मोदी, पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह सहित अनेक राज्यों के मुख्यमंत्रियों और केंद्रीय मंत्रियों का आमंत्रित किया गया है।

### बैठने के लिए तीन अलग-अलग मंच

शपथ ग्रहण समारोह के लिए तीन विशाल मंच बनाए जा रहे हैं, बीच के मंच में शपथ ग्रहण समारोह होगा। जिसके एक ओर अति विशिष्ट आमंत्रित व्यक्तियों व दूसरी ओर नवनिर्वाचित विधायकों के लिए मंच बनाया जा रहा है। कार्यक्रम स्थल में विशिष्ट अतिथियों, मीडिया प्रतिनिधियों और आमजनों के बैठने के लिए अलग-अलग सेक्टर बनाए जा रहे हैं। ज्यादा से ज्यादा लोग शपथ ग्रहण को देख सके इसके लिए अलग-अलग स्थानों पर एलइडी स्क्रीन भी लगाई जा रही है।

### यह लेकर जाना रहेगा प्रतिबंधित

सभा स्थल में विस्फोटक सामग्री, पटाखा, बारूद, ज्वलनशील सामग्री, पेट्रोल, डीजल, मिट्टी तेल, अल्कोहल, माचिस, जैल, सिगरेट, बीड़ी, खाद्य सामग्री, पानी की बोतल, गुटखा, तंबाकू और किसी भी प्रकार की खाने की वस्तु, धारदार वस्तुएं, चाकू, छूरी, ब्लेड, कैंची, रेजर समेत किसी भी प्रकार का खिलौने वाले अन्य सामान।

### प्रवेश के लिए 15 से ज्यादा गेट

कार्यक्रम स्थल में प्रवेश के लिए 15 से ज्यादा गेट बनाए गए हैं। इसके अलावा वीवीआइपी और वीआइपी गेट भी बनाए गए हैं, जहां पुलिस के उच्च अधिकारियों के साथ ही टीआइ समेत पुलिस के जवानों की तैनाती की गई है। सभी की जांच के बाद ही अंदर प्रवेश दिया जाएगा।

### इंटरनेट मीडिया पर आदिवासी मुख्यमंत्री के लिए बधाइयों का तांता

छत्तीसगढ़ को पहले आदिवासी मुख्यमंत्री मिलने व शपथ ग्रहण समारोह के लिए बधाइयों का तांता इंटरनेट मीडिया में भी छाया रहा। भाजपा के प्रमुख पदाधिकारियों ने विष्णुदेव साय के शपथ ग्रहण समारोह व छत्तीसगढ़ के पहले आदिवासी मुख्यमंत्री बनने शुभकामनाएं दीं। केंद्रीय राज्यमंत्री रेणुका सिंह व भाजपा प्रदेशाध्यक्ष अरुण साव ने अपने एक्स पोस्ट में साय को छत्तीसगढ़ के पहले आदिवासी मुख्यमंत्री बताकर उन्हें शुभकामनाएं दीं। रायपुर पश्चिम से विधायक राजेश मूणत सहित अन्य भाजपा पदाधिकारियों ने उन्हें शुभकामनाएं दीं।

### पुलिस ने पार्किंग और रूट मैप किया जारी

नवनिर्वाचित मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन साइंस कालेज मैदान रायपुर में प्रस्तावित है। ऐसे में यहां भीड़ होगी। सुगम सुरक्षित यातायात व्यवस्था के लिए यातायात पुलिस रायपुर द्वारा अलग-अलग मार्ग एवं पार्किंग व्यवस्था निर्धारित की है। मंच पर आसीन होने वाले व्यक्ति एमआइपी पार्किंग में अपना वाहन पार्क करेंगे। वहीं मंत्री व विधायकों के स्वजन डीडीयू आडिटोरियम अपना वाहन पार्क करेंगे। इसके अलावा रायपुर पुलिस ने प्रदेश के विभिन्न जिलों से आने वाले लोगों के अलग-अलग पार्किंग स्थल बनाए हैं।

### 50 हजार कुर्सियां और सुरक्षा में एक हजार जवान तैनात

शपथ ग्रहण समारोह में 50 हजार लोगों के बैठने की व्यवस्था की जा रही है। सुरक्षा व्यवस्था के लिए लगभग एक हजार पुलिस जवान तैनात किए गए हैं। रायपुर शहर के चौक-चौराहों, बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, एयरपोर्ट आदि अन्य जगहों पर सघन जांच अभियान जारी है।

## संपादकीय

### जो बोलेगा, वो जाएगा!

मोइत्रा के मामले में इथिक्स कमेटी की रिपोर्ट को सांसदों को पढ़ने का पर्याप्त समय दिया जाता और मोइत्रा को अपना पक्ष रखने का अवसर दिया जाता, तो संदेश यह जाता कि उन पर कार्रवाई न्याय की सामान्य प्रक्रियाओं के अनुरूप की गई है। इस बात को साक्ष्यों के आधार पर कहना मुश्किल हो सकता है, फिर भी यह धारणा देश में गहराती जा रही है कि एक उद्योगपति विशेष से वर्तमान सरकार की निकटता पर बोलने वाले लोगों की खैर नहीं है! संसद में तीन सदस्यों ने ऐसा करने की कीमत चुकाई है। सबसे पहले कांग्रेस नेता राहुल गांधी की लोकसभा सदस्यता रद्द हुई, जो सुप्रीम कोर्ट के न्यायिक हस्तक्षेप से जाकर बहाल हो पाई। उसके बाद आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सदस्य संजय सिंह के जेल जाने की नौबत आई। और अब तृणमूल कांग्रेस की सदस्य महुआ मोइत्रा की लोकसभा सदस्यता छीन ली गई है। यह तो नेताओं की बात है। पत्रकारिता में भी ऐसी कुछ मिसालें हैं, जिनके आधार पर ऐसी धारणा गहराई है। ध्यान देने की बात यह है कि अक्सर कई ऐसी धारणाओं, जिनके सिर-पैर नहीं होते, लेकिन वे भी लोगों के मन में बैठती चली जाती हैं। फिलहाल, गौरतलब यह है कि मीडिया और राजनीतिक कथानक पर सत्ताधारी पार्टी के लगभग पूरे नियंत्रण के बावजूद जनमत के एक बड़े हिस्से में उपरोक्त धारणा मजबूत होती चली गई है। संभवतः ऐसा नहीं होता, अगर उपरोक्त नेताओं या पत्रकारों पर कार्रवाई की प्रक्रिया पारदर्शी रखी जाती और प्राकृतिक न्याय के सिद्धांत का पालन होता दिखता। मसलन महुआ मोइत्रा के मामले में इथिक्स कमेटी की रिपोर्ट सदन में लाने से पहले लोकसभा सदस्यों को उसे पढ़ने का पर्याप्त समय दिया जाता और मोइत्रा को उस पर अपना पक्ष रखने का अवसर दिया जाता, तो संदेश यह जाता कि उन पर कार्रवाई न्याय की सामान्य प्रक्रियाओं का पालन करते हुए की गई है। जबकि बीते हफ्ते जिस रूप में यह संसदीय कार्रवाई हुई, उसे बहुमत के जरिए पूर्व निर्धारित निर्णय को थोपने की प्रक्रिया के रूप में देखा गया है। फिलहाल, पर्याप्त सियासी बहुमत और चुनाव मशीनरी की अपनी बेजोड़ ताकत के बूते भारतीय जनता पार्टी ऐसे संदेशों और धारणाओं की परवाह नहीं कर रही है। लेकिन उसे यह याद रखना चाहिए कि उसका यह नजरिया देश और लोकतंत्र के हित में तो नहीं ही है, यह खुद उसके दीर्घकालिक भविष्य के लिए भी हानिकारक हो सकता है।

# ओडिशा के सांभरदरहा जंगल से आया टाइगर

## हिंसक बाघ ने दुधारू गाय का किया शिकार, गांव में मची दहशत

## तीन किलोमीटर के बाद उड़ीसा लगा हुआ जंगल

## बरमकेला से मल्दा सारंगढ़ जंगल मार्ग तक सुरक्षा व्यवस्था करने की नौबत



**साल्हेओना ।** वन परिक्षेत्र बरमकेला के तहत झिंकीपाली सर्किल के दानीघाटी जंगल के पास किसान के दूधारू गाय को हिंसक जानवर बाघ ने हमला करके शिकार कर दिया है और उसके मांस को खाने के लिए रोज वह आ रहा है। ऐसे में दानीघाटी गांव सहित आसपास में दहशत का माहौल बना हुआ है। वही वन अमला टाइगर आने की बात को नकार रही है। जबकि पूरे क्षेत्र में टाइगर यानि बाघ की दस्तक देने की चर्चा है। वायरल फोटो को दानीघाटी की होने का दावा किया जा रहा है। जंगली जानवर बाघ द्वारा शिकार करने की घटना तीन दिन पहले गुरुवार दोपहर 3.30 बजे की है और इस मामले को वन विभाग पूरी तरह से गोपनीय रखा। अब जब लंबे चौड़े हिंसक जानवर बाघ के द्वारा गाय को नोच कर खाने की तस्वीर वायरल होने के बाद खुलासा होने लगा है। बताया जाता है कि गुरुवार को ग्राम दानीघाटी का चरवाहा बुंदराम चौहान गाय, बछड़े, बैल आदि मवेशियों को जंगल चराकर वापस आ रहा था उसी दौरान जंगल के नीचे कुधरी खार मौहा पेड़ के नीचे बाघ आया और एक दूधारू गाय पर हमला कर दिया। बाघ के हमले से मवेशियों का झुंड इधरउधर भागने लगे और चरवाहा गांव में आकर सारा वृतांत ग्रामीणों को बताया। उक्त गाय दानीघाटी निवासी कृपाराम पटेल पिता सीताराम का है। दूसरे दिन वन विभाग की टीम पहुंची और शिकार किए गए गाय के पास सीसीटीवी कैमरे लगाया गया है। जिसमें बाघ की तस्वीर कैद हुई है और उस गाय की मांस को खाने बाघ रोजाना पहुंच रहा है।ऐसे में वन विभाग द्वारा दानीघाटी सहित आसपास में मुनादी करा दी गई है कि जंगल के तरफ जाना नहीं है। दानीघाटी गांव में शाम पांच बजे के बाद सन्नाटा छा जा रहा है। स्कूली बच्चों को पालक स्वयं लेने और आने का काम कर रहे हैं। दहशत का माहौल है।

### ओडिशा की फारेस्ट टीम पहुंची थी

हिंसक जानवर बाघ के बारे में ओडिशा के फारेस्ट टीम को दी गई। बताया गया है कि उक्त हिंसक जानवर बाघ सीमावर्ती सांभरदरहा ( बारहपहाड ) जंगल से पार होकर झिंकीपाली सर्किल में घुस आया है। इस वजह से शनिवार शाम को जानवर की ट्रैकिंग के लिए ओडिशा की सीएफएफएस, आरसीएफ, डीएफओ की टीम ने इस क्षेत्र के वन अधिकारियों की संयुक्त बैठक पैंकिन वन बेरियर पर ली गई। बैठक में उक्त बाघ की गतिविधियों पर नजर रखने की चर्चा हुई है ।

### पोस्टमार्टम नहीं हुआ है

बताया जा रहा है कि बाघ उस गाय की मांस को खाने के लिए रोज आ रहा है। ऐसे में पोस्टमार्टम की प्रक्रिया नहीं हो सका है। वही वन विभाग के आला अधिकारी इस मामले में कोई पुष्टि नहीं कर पा रहे हैं। लेकिन स्थानीय ग्रामीणों ने बाघ आने की बात कह रहे है।

तीन दिन पहले बाघ ने गांव के एक कृषक की गाय पर हमला कर रोज उसके मांस खाने पहुंच रहा है। इसके पहले बाघ को नहीं देखा गया था।

**लुकेश्वरी पुरी, ग्रामीण दानीघाटी.**

आज रविवार को उस गाय को बाघ ने घसीटते हुए 50 मीटर दूर जंगल अंदर तरफ ले गया है। वन विभाग की टीम आती हैं और सीसीटीवी को बदल कर चले जाते हैं। यह सही है कि बाघ आया है। शाम होते ही घर से निकलना दूभर हो गया है।

**रुपधर पटेल, सरपंच दानीघाटी.**

मेरे जानकारी में नहीं है। उस फोटो को कौन वायरल कर रहा है। पता करना पडेगा बाघ आया है कि नही!

**बैगा राम सिदार, रेंजर वन परिक्षेत्र, सारंगढ़ (**



12 वर्ष निर्भीक पत्रकारिता के

'सत्ता की चाटुकारिता नहीं जनपक्षीय पत्रकारिता'



आमजन, गरीब-मज़लूमों पर होने वाले अत्याचार के विरुद्ध क्रांतिकारी पत्रकारिता का नाम है भारत सम्मान, जब शासन-सत्ता में बैठे ऐसे लोग जो पद-पावर के नशे में चूर होकर करते हैं अपने कर्तव्यपालन में चूक तो भारत सम्मान करता है उन्हें दुरुस्त...

2011 से भारत सम्मान आगे बढ़ रहा है और मिसाल क़ायम कर रहा है ईमानदार पत्रकारिता की..

भारत सम्मान दैनिक समाचार पत्र के साथ-साथ वेबसाईट - www.bharatsamman.com, फेसबुक पेज - Bharat Samman व यू-ट्यूब - Bharat Samman News के माध्यम से जनहित के खबरों को प्राथमिकता देते हैं। हमारा दावा है यदि आप पर ज़ुल्म हुआ है, आप न्याय के लिए कर रहे हैं संघर्ष तो केवल एक ही नाम आपको याद होना चाहिए...

**भारत सम्मान**

**इसी क्रांतिकारी मुहिम से निम्न जगहों पर जुड़ने के लिए सम्पर्क करें**

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर, राजस्थान, गुजरात, महाराष्ट्र, गोवा, उत्तर प्रदेश, उतराखण्ड, बिहार, बंगाल व देश के सभी राज्यों में ब्यूरो व संवाददाता बनने संपर्क कर सकते हैं।

**इन पदों में होंगे नियुक्त...**

1 - राज्य ब्यूरो प्रमुख
2 - राज्य अपराध ब्यूरो प्रमुख
3 - जिला ब्यूरो प्रमुख
4 - जिला अपराध ब्यूरो प्रमुख
5 - तहसील संवाददाता
6 - तहसील अपराध संवाददाता

अपना फोटो लगा बायोडाटा हमारी ई-मेल आईडी bharatsammannews@gmail.com या व्हाट्सएप्प No. 07828866957 पर भेजे।

**नोट**

1. केवल ईमानदार लोग ही संपर्क करें, पत्रकारिता के नाम पर वसूली करने अथवा ब्लैकमेल करने वालों से हमारा कोई वास्ता नहीं
2. यहां नौकरी नहीं दी जाती है, यदि हमारे संस्था के नाम का गलत इस्तेमाल करता है, तो हमारे द्वारा जारी नंबर पर शिकायत जरूर करें।

प्रसार/प्रबंध- सम्पादक- भारत सम्मान न्यूज नेटवर्क- 07828866957, 09303890212

# सार-समाचार

## पुरानी रंजिश के चलते युवक से मारपीट

**रायपुर।** चंदखुरी फार्म नगपुरा रोड में पुरानी रंजिश के चलते चार लोगों ने एक युवक से गाली-गलौज कर लोहे के पाइप से मारकर चोट पहुंचाया। प्रार्थी की शिकायत पर मंदिरहसौद पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी लिशांक टंडन 20 वर्ष ग्राम बरछा का रहने वाला है। बताया जाता है कि प्रार्थी चंदखुरी फार्म नगपुरा रोड स्थित नहर के पास बैठा था, तभी आरोपी नीरज वर्मा अपने तीन अन्य साथियों के साथ आया और पुरानी रंजिश के चलते प्रार्थी से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर मंदिरहसौद पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 294, 506, 323, 34 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

## ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

**रायपुर।** ग्राम टोर स्थित शीतला मंदिर के पास एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने बाइक सवार को टक्कर मार दिया। जिससे बाइक चालक की मौत हो गई। वहीं दो महिलाओं को चोट आई है। मामले में पुलिस ने ट्रैक्टर चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार मृतक धनेश्वर साहू 44 वर्ष मांढर का रहने वाला था। बताया जाता है कि वह अपनी बाइक में चंपेश्वरी साहू व सुशीला साहू को बिठाकर कहीं जा रहा था, तभी ग्राम टोर के पास एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए बाइक को टक्कर मार दिया। जिससे बाइक चालक धनेश्वर की मौत हो गई। वहीं चंपेश्वरी और सुशीला को घायल अवस्था में अस्पताल में भर्ती किया गया है। मामले में विधानसभा पुलिस ने ट्रैक्टर चालक के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

## युवक पर ब्लेड से हमला

**रायपुर।** शराब पीने के लिए पैसा नहीं देने पर एक युवक ने दूसरे पर ब्लेड से हमला कर घायल कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर देवेन्द्र नगर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी मोहम्मद निजाम 43 वर्ष राजातालाब का रहने वाला है। बताया जाता है कि प्रार्थी कल पंडरी शराब दुकान गया था, जहां आरोपी शेर सिंह ने प्रार्थी से शराब के लिए पैसा मांगा। जिससे प्रार्थी ने देने से मना किया तो आरोपी ने प्रार्थी पर ब्लेड से हमला कर चोट पहुंचाया। प्रार्थी की शिकायत पर देवेन्द्र नगर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 294, 323, 327 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

## 30 शराब कोचिया चढ़े पुलिस के हत्थे

**महासमुंद-रायपुर।** राज्य में सत्ता परिवर्तन के बाद से ही पुलिस एक्टिव मोड में चल रही है। नशे के अवैध कारोबार पर लगाम कसने पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है। इसी क्रम में पुलिस ने 3 दिनों में करीब 30 शराब कोचियों के विरुद्ध कार्रवाई की है। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार अवैध शराब बिक्री पर रोक लगाने पुलिस ने पूरे जिले में कार्रवाई तेज कर दी है। इसी क्रम में बागबाहरा थाना के नुतन गोड़ छिनदादर, केशराम गुलझर, राकेश झलप चौक, बसना थाना से गजानंद कपासखुटा, अमर सिंह देवलगढ़, गजानंद सिंदार जरा, बाबुलाल वनडबरा, मेहगुलाल बल्हापठार, सुखलाल कुरुचुड़ा, सलिम मालिक सराड़ा, सुनील ग्वाल बोईरडीह महासमुंद थाना से हर्ष सोनवानी दलदली रोड़, परशुराम नयापारा रोड, छबि सिन्हा खैरा चौक पिथौरा से कन्हैयालाल किशनपुर सराईपाली से सुनील भरद्वाज बाजार चौक सराईपाली, रविशंकर सराईपाली, गंगाप्रसाद आवलाचक्का, श्रवणकुमार बाजार चौक सराईपाली कोमाखान थाना से जलसिकंग खैरटकला, भीषमदेव निराला भटगांव पटेवा से पहलाद पारधी रूमेकेल, तुमगांव से रोहित साहू भोरिंग, खल्लरी से टीकमचंद रैताल सिघोंडा से चमरा चौहान छुहीपाली, महादेव सिदार परसकोल, तेन्दूकोना साहिल तिलाईदादर, केजलाल डाकरपाली, शिवकुमार झाकरपाली को पुलिस शराब रखने और बेचने के आरोप में पकड़ा है।

## हाइवा ट्रक ने रौंदा : दो मासूम के साथ पिता की मौत

**अभनपुर-रायपुर।** दो बच्चों को बाइक में बिठाकर स्कूल छोड़ने जा रहे एक बाइक सवार को एक तेज रफ़्तार हाईवा ने अपनी चपेट में ले लिया। इस हादसे में दोनों मासूमों के साथ पिता की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद हाईवा चालक मौके से भाग निकला। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार अभनपुर में गोबरा नवापारा के तर्री रोड पर स्थित बगदेही स्कूल के पास मंगलवर की सुबह तेज रफ्तार हाईवा ने सामने जा रही एक बाइक को टक्कर मार दी। दुर्घटना में बाइक चालक और उसके दोनों बच्चे की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद आरोपी हाईवा चालक ने भाग कर थाने में आत्मसमर्पण कर दिया। इस घटना के बाद स्थानीय लोगा जाम हो गए और घटना की पुलिस को सूचना दे दी है। इससे इलाके के लोग में भारी रोष है। वहीं घटनास्थल पर बड़ी संख्या में लोग इकट्ठा हो गए हैं और कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। इससे सड़क पर जाम भी लग गया है। बताया जाता है कि मृतक गोबरा नवापारा के गोडपारा का ही रहने वाला था, जो अपने बच्चों को ग्राम तर्री स्थित स्कूल छोड़ने जा रहा था।

# सीएम विष्णुदेव साय की माता का किया गया अभिनंदन



जशपुरनगर। छत्तीसगढ़ के नवनिर्वाचित मुख्यमंत्री विष्णुदेव के गृह ग्राम बगिया में उनकी माता श्रीमती जसमनी देवी का नागरिक अभिन्दन किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की बहु श्रीमती राजकुमारी साय, बुआ श्रीमती मुघ साय, भाई श्री जय प्रकाश साय और कुनकुरी के पूर्व विधायक रोहित साय उपस्थित थे। गाँव के बेटे श्री विष्णु साय को छत्तीसगढ़ का मुख्यमंत्री बनाएं जाने से उत्साहित ग्रामीणों ने माताश्री जसमनी देवी को फूलो का हार पहना कर अभिन्दन किया और उनका चरण स्पर्श कर आशीर्वाद लिया।

इस अवसर पर माताश्री श्रीमती जसमनी देवी ने लोगों का आभार जताते हुए कहा कि जशपुर जिले के छोटे से गाँव के बेटे को छत्तीसगढ़ महतारी और यहाँ के आम लोगो की सेवा करने का जो अवसर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिया है, उससे पूरा जशपुरांचल अभिभूत है। उन्होंने अभिन्दन समारोह मे विश्वास व्यक्त किया कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व मे छत्तीसगढ़, विकास की एक नई इबारत लिखेगा। उल्लेखनीय है कि रविवार को श्री विष्णुदेव साय को



छत्तीसगढ़ का मुख्यमंत्री बनाएं जाने की घोषणा के बाद से बगिया सहित पूरे जशपुर जिले मे जश्न मनाया जा रहा है। ढोल ताशे और लोक संगीत की धुन पर महिला और पुरुष नृत्य कर, अपनी खुशियाँ व्यक्त कर रहे हैं। पूरे जिले भर से बगिया स्थित मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निवास पहुंच कर बधाई देने वालो का तान्ता लगा हुआ है। आम लोगो की सुविधा के लिए कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल और डीआईजी डी रविशंकर के मार्गदर्शन में सुरक्षा की पुख्ता व्यवस्था की गयी है।

## दोपहर 2 बजे से होगा मुख्यमंत्री शपथ ग्रहण समारोह का सीधा प्रसारण

### पंजरी प्लांट आडिटोरियम एवं ग्रैंड स्थित डिजीटल स्क्रीन सहित जिले के सभी नगरीय निकाय व ग्राम पंचायतों में होगा कार्यक्रम का सीधा लाइव प्रसारण



**रायगढ़।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के शपथ ग्रहण समारोह रायपुर स्थित साईंस कालेज मैदान में होगा। शासन के निर्देशानुसार नगर निगम एवं जिले के सभी नगरीय निकायों में शपथ ग्रहण समारोह का सीधा लाइव प्रसारण की व्यवस्था की गई है। कार्यक्रम का सीधा लाइव प्रसारण 13 दिसंबर 2023 की दोपहर 2 बजे से पंजरी प्लांट स्थित आडिटोरियम एवं ग्रैंड माल स्थित डिजीटल स्क्रीन सहित जिले के सभी निगरीय निकायों के चिन्हांकित स्थानों में होगा। शपथ ग्रहण समारोह के लाइव सीधा प्रसारण आवश्यक व्यवस्था हेतु कलेक्टर कार्तिकेया गोयल द्वारा संबंधित सभी अधिकारियों को निर्देशित किया गया था। नगर निगम अंतर्गत पंजरी प्लांट ऑडिटोरियम व ग्रैंड मॉल स्थित डिजीटल एलईडी स्क्रीन में कार्यक्रम का सीधा लाइव प्रसारण होगा, जहां से शहरवासी शपथ ग्रहण समारोह का सीधा लाइव प्रसारण देख सकेंगे। निगम कमिश्नर श्री सुनील कुमार चंद्रवंशी ने जिले के सभी मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को नगरीय निकाय अंतर्गत मुख्यमंत्री शपथ ग्रहण समारोह के लाइव प्रसारण के लिए आवश्यक व्यवस्था करने निर्देशित किया था। निर्देश के तहत नगर पालिका परिषद खरसिया के कार्यालय सभाकक्ष में, नगर पंचायत किरोड़ीमल नगर के सांस्कृतिक भवन में, नगर पंचायत पुसौर के कार्यालय के सामने रिक्त जगह में, नगर पंचायत घरघोड़ा कार्यालय सभाकक्ष में, नगर पंचायत धरमजयगढ़ के मंगल भवन में एवं नगर पंचायत लैलूंगा के साप्ताहिक बाजार में डिजीटल एलईडी स्क्रीन के माध्यम से शपथ ग्रहण समारोह का सीधा लाइव प्रसारण की व्यवस्था की गई है। इसी प्रकार जिले के सभी ग्राम पंचायतों में भी शपथ ग्रहण के सीधा प्रसारण को आमजन को दिखाये जाने हेतु व्यवस्था के निर्देश दिए गए है।

# ठंड में इजाफा होते ही सुबह की सैर हुई सुहावनी

**रायपुर।** मिचौंग तूफान के जाते ही बादलों के छंटने के बाद रायपुर सहित पूरे प्रदेश भर में इन दिनों दिन एवं रात के तापमान में लगातार गिरावट देखी जा रही है। रात नौ बजे के बाद से ही ठंड जोरदार पड़ती है। सुबह के समय शहर के कुछ हिस्सों में गहरा कोहरा भी दिखाई दे रहा है। नियमित रूप से सुबह की सैर करने वाले गर्म कपड़े पहनकर बाग बगीचों में जहां रौनक बढ़ा रहे है वहीं योग करने वालों की संख्या में भी अन्य मौसमों की तुलना में वृद्धि देखी जा रही है। कुछ बगीचों में सुबह के समय वयोवृद्ध नागरिकों द्वारा भजन कीर्तन का कार्यक्रम भी आयोजित किया जा रहा है वहीं कलेक्ट्रेट के पीछे स्थित आक्सीजोन में वरिष्ठ नागरिकों द्वारा हर शनिवार को पुराने नगमों के साथ संगीत संध्या का आयोजन भी स्वल्पाहार के साथ



जारी है। मौसम वैज्ञानिक चंद्रा के अनुसार आने वाले दिनों में उत्तर से आने वाली ठंडी हवाओं से रायपुर सहित पूरे प्रदेश भर में तापमान में गिरावट होने से कड़ाके की ठंड पड़ेगी। प्रदेश के बस्तर एवं उत्तरी हिस्से में स्थित सरगुजा संभाग के जिले अंबिकापुर रामानुज गंज मनेंद्र गढ़ चिरमिरी कुनकुरी, रायगढ़, जशपुर नगर, बगीचा, सन्ना मनोरा पंडरापाठ एवं कुसमी में कड़ाके की ठंड पड़ रही है।

# ठंड में इजाफा होते ही गर्म कपड़ों की बिक्री बढ़ी

**रायपुर।** प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी दिसंबर माह में मौसम का मिजाज बदलने के फलस्वरूप जहां ठंड में इजाफा हुआ है वहीं फायर बिग्रेड चौक स्थित तिब्बती बाजार पंडरी बस स्टैंड, राजकुमार कालेज के पास, सुंदरनगर गेट के सामने एवं अन्य भीड़भाड़ वाले हिस्सों में गर्म कपड़ों की दुकान में ग्राहकों में गर्म कपड़ों की खरीदी होने से दुकानदारों के चेहरों पर मुस्कान देखी जा रही है। आने वाले समय में ठंड में वृद्धि होने के साथ ही गर्म कपड़ों की बिक्री में और वृद्धि होगी। इस वर्ष पिछले वर्ष की तुलना में गर्म कपड़ों के मूल्यों में भी इजाफा देखा जा रहा है। युवाओं एवं पुरुषों द्वारा पहने जाने वाला जैकेट फूल स्वेटर, हाफ स्वेटर महिलाओं के शॉल एवं कार्डिगन



आदि सहित मफलर टोपी के मूल्यों में भी अच्छी खासी वृद्धि हुई है। जिसके चलते जहां ग्राहक हर वर्ष अलग अलग डिजाइन के कई गर्म वस्त्र ठंड में इस्तेमाल करते थे वहीं अब इस वर्ष एक या दो गर्म कपड़े ही खरीद पा रहे हैं।

## तालाब में डूबे युवक का शव बरामद

**जांजगीर-रायपुर।** बलौदा थाना क्षेत्र में एक युवक की 10 दिसंबर को तालाब में डूबने से मौत हो गई थी। लेकिन इसके बाद भी उसका शव बरामद नहीं हो सका था। इसके बाद पुलिस ने गोताखोरों की मदद से आज फिर से शव की तालाश कराई और गोताखोरों ने मृतक का शव बरामद कर लिया। पुलिस सूत्रों ने बताया कि 10 दिसंबर को दोपहर में आनंद तंबोली 22 साल निवासी वार्ड न. 05 बलौदा थाना बलौदा के तलाब के गहरे पानी में डूबने की सूचना प्राप्त हुई थी, जिसकी सूचना बलौदा पुलिस को मिलने पर तत्काल पुलिस द्वारा तलाब में डूबे युवक आनंद तंबोली की तलाश हेतु एसडीआरएफ होमगार्ड और जिला पुलिस की टीम लगी हुई रही। मोटर बोट, ऑक्सीजन सिलेंडर, स्कूबा डाइविंग का प्रयोग भी किया गया. आज प्रात: मोटर बोट और स्कूबा डाइविंग की मदद से और होमगार्ड की संयुक्त टीम ने स्थानिय गोताखोरों की मदद से मृतक के शव को रिकवर कर लिया है पूरे अभियान में लगभग 40 घंटे टीम द्वारा लगातार प्रयास किया गया।

RNI No. CHHHIN/2011/38292
भारत सम्मान NEWS



# सरकार बदलते ही प्रशासनिक पदों पर चेहरे बदलने की सुगबुगाहट तेज, कई अफसरों की हो सकती है अदला-बदली

**रायपुर।** प्रदेश में सरकार के बदलते ही प्रशासनिक अधिकारियों के चेहरे भी बदल सकते हैं। शपथ ग्रहण होने से पहले कुछ अधिकारियों के चेहरे पर चमक तो कुछ के चेहरे फीके पड़ गए हैं। प्रशासनिक क्षेत्र में बड़े पदों पर बैठे पूर्व सरकार के करीबी अधिकारियों के हटाए जाने को लेकर सुगबुगाहट तेज हो गई है। कांग्रेस सरकार में उपेक्षा का शिकार रहे अधिकारियों की बड़ी जिम्मेदारी के साथ वापस लौटने की संभावना है। सरकार के करीब रहने के लिए प्रशासनिक अधिकारियों के मेल-मिलाप का दौर भी तेज हो गया है। वे विधानसभा पहुंचने वाले जनप्रतिनिधियों से मुलाकात कर बधाई देते हुए उन्हें पुराने संबंधों की याद दिला रहे हैं। वर्तमान में पदस्थ अफसर भी इस रेस में शामिल हैं।




### संविदा अफसरों की खूब चली

भूपेश सरकार में संविदा अफसरों की भी खूब चली है। इनमें प्रमुख सचिव डा. आलोक शुक्ला ने फिलहाल इस्तीफा दे दिया है। बाकी संविदा आइएएस अफसरों में अमृत कुमार खलको, डीडी सिंह और निरंजन दास अभी भी कार्यरत हैं। नई सरकार का मंत्रिमंडल गठित होने के बाद इन अफसरों को भी संविदा नौकरी से हटाया जा सकता है।

### बदले जा सकते हैं पुलिस महानिदेशक भी

पुलिस महानिदेशक पद पर अभी अशोक जुनेजा कार्यरत हैं। जुनेजा के खिलाफ भाजपा ने निर्वाचन आयोग में शिकायत की थी। इससे इनके बदलने की पूरी संभावना जताई जा रही है। यदि डीजीपी पद पर नए अधिकारी आते हैं तो इस पद के लिए राजेश मिश्रा और हिमांशु गुप्ता प्रमुख होंगे। वहीं, आइपीएस में एडीजी एसआरपी कल्लूरी, एडीजी हिमांशु गुप्ता, एडीजी विवेकानंद सिन्हा, एडीजी प्रदीप गुप्ता, आइपीएस अमित कुमार, विवेक शुक्ला, रजनेश सिंह, अजातशत्रु बहादुर सिंह, शशि मोहन सिंह, लाल उमेंद्र सिंह, डीएसपी संजय सिंह, हेमप्रकाश नायक, डीएसपी निमेश बरैया और राजनेताओं के करीबी रहे कुछ निरीक्षकों की राजधानी रायपुर में वापसी हो सकती है।

### अधिकारियों को रमन-मूणत दे चुके हैं चेतावनी

पूर्व मुख्यमंत्री डा. रमन सिंह ने इंटरनेट मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर ट्वीट कर चेताया था कि मुझे यह जानकारी प्राप्त हुई है कि प्रदेश के कुछ अधिकारी महत्वपूर्ण फाइलों को बैक डेट अंकित कर स्वीकृत कर रहे हैं। जो की पूर्णतः अनुचित है। साथ ही पूर्व मंत्री और वर्तमान विधायक राजेश मूणत ने विगत कुछ दिनों पहले ही अधिकारियों पर कार्रवाई की चेतावनी दी थी। भाजपा के सूत्रों के अनुसार, कांग्रेस सरकार के करीबी रहे 30 से ज्यादा अधिकारी-कर्मचारियों की लिस्ट बनाई गई है। सरकार का शपथ ग्रहण समारोह पूरा होने के बाद अधिकारियों के तबादले का दौर शुरू होने से इंकार नही किया जा सकता है।

### वन विभाग में हो सकती है सर्जरी

प्रदेश के वन विभाग में भी भूपेश सरकार में सात आइएफएस अफसरों को सुपरसीड कर वी.श्रीनिवास राव को वन बल प्रमुख नियुक्त किया गया था। उनकी इस नियुक्ति का विरोध भी जारी है। वरिष्ठ वन अफसरों में सुधीर कुमार अग्रवाल वरिष्ठ होने के कारण इस पद के लिए सबसे प्रबल दावेदार हैं। इसलिए अग्रवाल ने इस नियुक्ति के खिलाफ शिकायत की है। इसके अलावा आइएफएस संजय ओझा, अनिल राय समेत अन्य अधिकारियों ने भी इस नियुक्ति को लेकर आपत्ति जता चुके हैं। ऐसे में नई सरकार में यहां भी सर्जरी हो सकती है।

### भूपेश सरकार के बेहद करीबी रहे ये अफसर

पूर्ववर्ती भूपेश सरकार में कुछ अफसर बेहद करीबी रहे हैं और उनके पास कई बड़े विभागों की जिम्मेदारी रही है। इनमें अपर मुख्य सचिव सुब्रत साहू, सिद्धार्थ कोमल परदेसी, अंकित आनंद, डा. एस.भारतीदासन, मनोज कुमार पिंगुआ, प्रसन्ना आर, टोपेश्वर वर्मा, भीम सिंह, किरण कौशल ,जेपी मौर्य, संजीव झा, दीपक सोनी, विनीत नंदनवार, डा. सर्वेश्वर भुरे, सौरभ कुमार, अन्बलगन पी, अलरमेलमंगई डी, पदुमसिंह एल्मा, नीलम नामदेव एक्का, डोमन सिंह व अन्य शामिल हैं।

### सीएस के विकल्प की भी तलाश

वर्तमान सरकार में मुख्य सचिव पद के लिए मौजूदा सीएस अमिताभ जैन के अलावा अन्य विकल्प भी हैं जिन पर अमल किया जा सकता है। इनमें वर्ष-1991 बैच की आइएएस रेणु पिल्ले, अपर मुख्य सचिव सुब्रत साहू वरिष्ठ अफसर हैं। हालांकि सरकार चाहे तो अन्य अधिकारियों को भी पदोन्नत करके मुख्य सचिव बना सकती है।

### लूपलाइन में रहे अफसरों का बढ़ सकता है कद

मंत्रालय में भूपेश सरकार के समय लूप लाइन में रहे अफसरों का इस सरकार में कद बढ़ सकता है। पिछली सरकार से दूर रहे अफसरो में प्रमुख रूप से आइएएस भुवनेश यादव, पी दयानंद, मोहम्मद अब्दुल केसर हक, शिखा राजपूत तिवारी, डा. सीआर प्रसन्ना, रीता शांडिल्य, राजेश सिंह राणा, राजेश सुकुमार टोप्पो, एस. प्रकाश, आर.संगीता, राहुल वेंकट, अवनीश शरण, आर वेंकट, अभिजीत सिंह,बसवराजू एस. और इंद्रजीत चंद्रवाल समेत अन्य को बड़ी जिम्मेदारी मिल सकती है।

# तिरपाल ढके वाहन अंदर मवेशियों की हो रही थी तस्करी

### रैरूमाखुर्द पुलिस की घेराबंदी में वाहन छोड़ भागे मवेशी तस्कर

### 21 मवेशियों को कराया तस्करों से मुक्त, घटना में प्रयुक्त आईचर वाहन की जप्ती




**रायगढ़।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार के दिशा निर्देशन एवं एडिशनल एसपी संजय महादेवा व एसडीओपी धरमजयगढ़ दीपक मिश्रा के मार्गदर्शन पर कृषक मवेशियों को दिगर प्रांत ले जाने वाले पशु तस्करों पर पुलिस निगाह रखे हुये है। विशेष कर थाना धरमजयगढ़, लैलूंगा और चैकी रैरूमाखुर्द पुलिस जिले के बार्डर आसपास के गांव एवं मुख्य मार्ग पर कार्यवाही के लिये मुखबिर सक्रिय कर रखा गया है।

इसी क्रम में आज चैकी प्रभारी रैरूमाखुर्द उप निरीक्षक ऐनु कुमार देवांगन को मुखबिर से सूचना मिली थी कि ससकोबा जंगल में कुछ लोग लाल रंग के आईचर गाड़ी में कृषक मवेशियों को ठूंस-ठूंस कर भर बगैर दाना पानी क्रूरता पूर्वक झारखंड बूचड़खाने ले जाया जा रहा है। मुखबिर सूचना की तस्दीकी और कार्रवाई के लिए चैकी प्रभारी अपने स्टाफ के साथ ससकोबा जंगल जाकर तस्करों की घेराबंदी किया गया। जहां पुलिस की घेराबंदी को देखकर आरोपी वाहन छोड़कर भाग गये। आईचर वाहन 01 ई 7855 में तिरपाल से ढक कर रखी हुई 21 नग कृषक मवेशियों को रैरूमाखुर्द पुलिस द्वारा मुक्त कराकर उनके चारा पानी की व्यवस्था किया गया। चैकी प्रभारी रैरूमाखुर्द पुलिस द्वारा आईचर वाहन जप्त कर वाहन के चालक और मालिक के विरूद्ध धारा 4, 6, 10 कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम 2004 के तहत अपराध दर्ज कर आरोपियों की पतासाजी में लिया गया है। सम्पूर्ण कार्रवाई में चैकी प्रभारी रैरूमाखुर्द उप निरीक्षक ऐनु कुमार देवांगन, प्रधान आरक्षक लक्ष्मी नारायण कैवर्त, चिंतामणी कुर्रे, आरक्षक जोन प्रकाश टोप्पो, तुलसी नाग की अहम भूमिका रही है। एसडीओपी धरमजयगढ़ दीपक मिश्रा के मार्गदर्शन पर रैरूमाखुर्द पुलिस लगातार मवेशी तस्करों पर कार्रवाई किया जा रहा है।

# 10 जनवरी से शुरू होगी 10वीं और 12वीं की प्रायोगिक परीक्षाएं, अनुपस्थित विद्यार्थियों को नहीं मिलेगा दोबारा मौका

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल (माशिमं) की ओर से 10वीं-12वीं बोर्ड की प्रायोगिक परीक्षाएं 10 जनवरी 2024 से आयोजित होंगी। इन परीक्षाओं की फाइल और प्रोजेक्ट छह महीने तक सुरक्षित रखी जाएंगी। प्रायोगिक-प्रोजेक्ट और थ्योरी परीक्षाओं के लिए पासिंग मार्क जरूरी है। इनके अंक वार्षिक परीक्षा में जुड़ेंगे। गौरतलब है कि कुछ स्कूलों द्वारा समय पर माशिमं को परीक्षा के रिकार्ड नहीं भेजे जाते, इससे बोर्ड का परिणाम प्रभावित होता है और बोर्ड को उनके परिणाम रोकने पड़ते हैं। इन सबको देखते हुए स्कूलों को माशिमं ने छह माह तक रिकार्ड रखने के निर्देश दिए हैं। माशिमं द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार नियमित छात्र-छात्राओं की प्रायोगिक परीक्षा 10 से 31 जनवरी के बीच आयोजित होगी। इस वर्ष माशिमं ने स्पष्ट कर दिया है कि प्रायोगिक परीक्षा में अनुपस्थित रहने वाले विद्यार्थियों को कोई अतिरिक्त मौका नहीं दिया जाएगा। प्रायोगिक परीक्षाओं के लिए बाहरी परीक्षकों की नियुक्ति होगी।




### मार्च से हो सकती हैं बोर्ड की परीक्षाएं

छत्तीसगढ़ बोर्ड की कक्षा 10वीं और 12वीं की परीक्षाएं मार्च में हो सकती हैं। हालांकि अभी अधिकृत सूचना नहीं आई है। पिछले कई सालों से मार्च के एक से पांच तारीख के बीच से परीक्षाएं शुरू हो रही हैं। इसलिए संभव है कि इस बार भी ऐसा हो।

### परीक्षा का रिकार्ड छह माह तक रखना अनिवार्य

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल की प्रायोगिक परीक्षाएं 10 से 31 जनवरी तक चलेंगी। इस बार प्रायोगिक परीक्षा में अनुपस्थित रहने वाले छात्र-छात्राओं को दोबारा मौका नहीं मिलेगा। वहीं परीक्षा का रिकार्ड छह माह तक रखना अनिवार्य है।

– प्रोफेसर वीके गोयल, सचिव, माशिमं

# चरित्र पर संदेह कर पत्नी को पीटा

**रायपुर।** राजातालाब काली मंदिर के सामने चरित्र पर संदेह कर युवक ने अपनी पत्नी से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थिया की शिकायत पर सिविल लाइन पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थिया मंजू दीप 28 वर्ष राजातालाब की रहने वाली है। प्रार्थिया ने थाना में शिकायत किया कि उसका पति वीरेन्द्र दीप 30 वर्ष ने प्रार्थिया के चरित्र पर संदेह कर गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थिया की शिकायत पर सिविल लाइन पुलिस ने आरोपी पति के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

अपना खुद का न्यूज पोर्टल बनवाएं
पूर्ण Registration के साथ
+91 9303890212



स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक जितेन्द्र जायसवाल द्वारा जायसवाल प्रिंटिंग प्रेस राघवपुरी, डीगमा, अम्बिकापुर, छत्तीसगढ़ से प्रकाशित एवं मुद्रित। संपादक जितेन्द्र जायसवाल। मो.नं.-09424262547